हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्	CIN U20299DL 1986NPL023253
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
"EPCH HOUSE" POCKET 6 & 7, SECTOR - C, L.S.C., VASANT KUNJ, NEW DELHI-110 070
Tel.: +91-11-26135256 / 57 / 58
Fax: +91-11-26135518 / 19
E-mail: mails@epch.com
Web : www.epch.in

## प्रेस विज्ञप्ति

## खिलौना-2022 (इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर) और इंडिया जी आई प्रोडक्ट फेयर-2022 को एक जिला एक उत्पाद-- ओडीओपी योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार की मंजूरी

जुलाई 25, 2022, ग्रेटर नोयडा- 'मेक इन इंडिया' की कोशिशों के तहत 'हैंडमेड इन इंडिया' के ब्रांड और खासकर खिलौने और जीआई टैग वाले उत्पादों  को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। खिलौना उद्योग और जियोग्राफिकल इंडिकेशन(जीआई) टैग वाले उत्पादों के महत्व को ध्यान में रखते हुए, हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) 26-28 अगस्त तक एक साथ दो शो यानी खिलौना -2022 (इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर) और इंडिया जीआई फेयर-2022 का आयोजन इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में करने जा रहा है। भारत में खिलौना निर्माण को बढ़ावा देने और अपनी मौजूदा वैश्विक बाजार में अपनी क्षमता और हिस्सेदारी में सुधार करने के उद्देश्य से खिलौना-2022, इंडिया टॉय एंड गेम्स फेयर आयोजित किया जा रहा है। यह एक बी 2 बी आयोजन है। यह मेला देश और खिलौना उद्योग के भविष्य के लिए एक बड़ी दृष्टि और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। खिलौना -2022 का लक्ष्य भी इसी संकल्प को शक्ति देना है, ईपीसीएच के महानिदेशक श्री राकेश कुमार ने बताया।

इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में 26-28 अगस्त, 2022 तक आयोजित खिलौना-2022 (इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर) देश के खिलौना निर्माताओं के पूरे क्रास सेक्शन को एक सर्व-समावेशी तौर पर एक साथ लाने वाला है। सिर्फ खिलौनों के लिए ही विशेष बिजनेस प्लेटफार्म के तौर पर यह मेला अपनी अपील, उपयोगिता, लर्निंग (अध्ययन), कमर्शियल, वाणिज्यिक उपयोगिता और उत्पाद सुविधाओं की वजह से अपनी तरह का एक अनूठा अयोजन है।

जियोग्राफिकल इंडीकेशन (जीआई) उन उत्पादों पर उपयोग किया जाने वाला एक संकेत (साइन) है जिसका प्रयोग उत्पादों की एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति की वजह से  उनके गुण या फिर प्रतिष्ठा के लिए किए जाता है। जीआई टैग किए गए उत्पाद

"अतुल्य भारत के अमूल्य खजाने" हैं और इसका उद्देश्य खरीददार समुदाय के बीच विश्वास पैदा करना है। देश में जीआई के रूप में टैग किए गए लगभग 390 से ज्यादा उत्पाद हैं। उत्तर प्रदेश ऐतिहासिक रूप से शिल्प में समृद्ध है और उत्तर प्रदेश के 36 उत्पाद हस्तशिल्प और हथकरघा में जीआई टैग रजिस्टर्ड हैं। देश के अद्वितीय प्रतिभा के धनी हस्तशिल्पियों/ बुनकरों/कारीगरों  के हाथ से बुने हुए, दस्तकारी और कृषि उत्पादों के साथ ही उत्पादकों का समर्थन करने के लिए पहला इंडिया जीआई फेयर भी 26-28 अगस्त, 2022 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जाएगा।

ईपीसीएच के महानिदेशक श्री राकेश कुमार  ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत खिलौना-2022 (इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर) और इंडिया जीआई फेयर-2022 को मंजूरी दी है, जिससे मेले में भाग लेने वाले प्रदर्शकों को 75 प्रतिशत अधिकतम रु.1,50,000/-तक स्टॉल शुल्क; उत्पादन इकाई से मेला/प्रदर्शनी तक माल ढुलाई प्रभारों के लिए 75% अधिकतम 7,500/- रुपये तक का शुल्क और एक प्रतिनिधि प्रदर्शक के लिए ए/सी 3 टियर या ए/सी बस का आने-जाने का किराया की प्रतिपूर्ति का अधिकार है । श्री कुमार ने इस पहल के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि इस पहल से उत्तर प्रदेश राज्य से प्रदर्शकों की बड़ी भागीदारी होगी जिसके परिणामस्वरूप उनके लिए व्यापार के अवसरों में वृद्धि होगी और रोजगार सृजन होगा।

ईपीसीएच दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में  विदेशों में भारत की छवि बनाने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात 33253.00 करोड़ रुपये (4459.76 मिलियन डॉलर) रहा, जिसमें बीते वर्ष की इसी अवधि की तुलना में रुपये के संदर्भ में  29.49% की  वृद्धि दर्ज की गई है वहीं डालर के संदर्भ में  यह वृद्धि 28.90% की रही।

---

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
श्री राकेश कुमार, महानिदेशक- ईपीसीएच-+91-9818272171.

**PRESS RELEASE**

**KHILONA-2022 (INDIA TOYS & GAMES FAIR) AND INDIA GI PRODUCTS FAIR-2022 GETS UP GOVERNMENT'S NOD UNDER ODOP SCHEME**

**July 25, 2022, Greater Noida** – There has been special focus on promoting the brand of 'Handmade in India', especially for items such as Toys and GI tagged products with a thrust on 'Make in India' initiative. Keeping in view the significance of Toys industry and Geographical Indication (GI) tagged products, the Export Promotion Council for Handicrafts is organising two parallel shows i.e. KHILONA -2022 (India Toys & Games Fair) and India GI Fair-2022 from 26-28 August,2022 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida, Uttar Pradesh, informed by Shri Rakesh Kumar, Director General EPCH.

Aimed at boosting toy manufacturing in India and improving its existing market potential & share, Khilona-2022, India Toy & Games Fair, a B2B fair, reflects a big vision and a bigger commitment for the future of the toy industry in the country and Khilona-2022 aims to fulfil the same. Bringing together an all-inclusive cross section of toy manufacturers from Country, Khilona-2022 (India Toys & Games Fair) From 26-28 August, 2022 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida is one of its kind fair with Appeal, Usability, Learning and Commercial viability are among the product features at this toys exclusive business platform.

A geographical indication (GI) is a sign used on products that have a specific geographical origin and possess qualities or a reputation that are due to that origin. GI tagged products are "Invaluable Treasures of Incredible India" and aim to build confidence amongst the buying community. There are around 390+ products tagged as GI in the country. Uttar Pradesh is historically rich in crafts and 36 products are GI Tag registered in Handicrafts & Handloom from Uttar Pradesh. In order to support weavers/artisans/ producers of unique hand woven, handcrafted and agriculture products, the first India GI fair will also be organised concurrently from 26-28 August,2022 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida, Uttar Pradesh

Shri Rakesh Kumar Director General-EPCH informed that the Government of Uttar Pradesh has approved KHILONA -2022 (India Toys & Games Fair) and India GI Fair-2022 under its One District One Product (ODOP) scheme entitling the exhibitors participating in the fair to reimbursement of Stall Charges 75% upto a maximum of Rs.1,50,000/-; 75% of the charges upto a maximum of Rs.7,500/- towards Freight Charges from the production unit to the Fair/exhibition and To & Fro Fare of A/c 3 tier or A/c Bus for one representative exhibitor. Shri Kumar thanked the Government of UP for this gesture and hoped that with this initiative there will be larger participation of the exhibitor from the State of UP resulting in enhanced business opportunities for them and leading to employment generation.

EPCH is a nodal agency for promoting exports of handicrafts from the Country to various destinations of the world and projecting India's image abroad as a reliable supplier of high quality handicrafts goods & services. The Handicrafts exports during the year 2021-22 was Rs. 33253.00 Crores (US $ 4459.76 Million) registering a growth of 29.49% in rupee term & 28.90% in dollar terms over previous year, informed Shri Rakesh Kumar, Director General EPCH.

---

**For more information, please contact :**
Shri Rakesh Kumar, Director General-EPCH - +91-9818272171